Rapid Fire करेंट अफेयर्स (07 November)

- **म्याँमार का प्रकाश महोत्सव:** म्याँमार के शान प्रांत में प्रकाश महोत्सव मनाया जाता हैं, इसमें लोग आतशिबाजी और पटाखे तैयार करते हैं। इस महोत्सव के दौरान पटाखों को गुब्बारों में भरकर, गुब्बारों को आसमान में छोड़ दिया जाता है। गुब्बारे कुछ ऊँचाई पर पटाखों के कारण फट जाते हैं, इनके फटने से रंग-बिरंगी चिगारियाँ निकलती हैं इससे आसमान में अदभुत नज़ारा दिखाई देता है।
- **गॉइ फॉक्स महोत्सव:** इसे बोनफायर नाइट फेस्टिवल के नाम से भी जाना जाता है, इस महोत्सव के दौरान लुईस शहर में नाइट परेड निकाली जाती है। इस महोत्सव के दौरान देश-दुनिया की सबसे विवादास्पद सामाजिक अथवा राजनीतिक हस्ती का पुतला जलाया जाता है। इस महोत्सव की शुरुआत 16वीं शताब्दी में की गई थी। यह महोत्सव कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच संघर्ष की याद दिलाता है।
- **रोबो-बी:** हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के हार्वर्ड माइक्रोरोबोटिक्स लेबोरेटरी के शोधकर्त्ताओं ने रोबो-बी रोबोट तैयार किया है। जो मधुमक्खी की तरह उड़ान भर सकता है और इसके आसानी से उड़ान भरने तथा लचीलेपन के लिये कोमल आर्टिफिशियल मांसपेशियों (एक्ट्यूएटर) का प्रयोग किया गया है। यह रोबोट आसानी से दुर्गम स्थानों पर जा सकता है। सामान्यतः यह किसी सतह से टकराने पर टूटता नहीं हैं। इनका प्रयोग रोबोटिक आर्मी में भी किया जा सकता है क्योंकि ये इतने छोटे होते हैं कि दुश्मन को आसानी से नज़र नहीं आ सकते हैं।
- **ईरान का फोरडो संयंत्र:** ईरान ने परमाणु समझौते के विपरीत अपने भूमिगत परमाणु संयंत्र, फोरडो में दोबारा कार्य शुरू कर दिया है, साथ ही संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षक को हिरासत में ले लिया है। संयुक्त राष्ट्र के किसी भी निरीक्षक को हिरासत में लेने का विश्व में यह पहला मामला है। अपने फोरडो परमाणु संयंत्र में ईरान यूरेनियम गैस को सेंट्रीफ्यूज में डालने का प्रयोग करने जा रहा है।
- **इंटरनेट स्वतंत्रता:** इंटरनेट वाचडॉग की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट और डिजिटल स्वतंत्रता के मामले में पाकिस्तान विश्व के 10 सबसे खराब देशों में शामिल है। इस रिपोर्ट में भारत को 55 अंक दिये गए और भारत में इंटरनेट की स्थिति को आंशिक रूप से मुक्त बताया गया। इस रिपोर्ट में आइसलैंड इंटरनेट स्वतंत्रता के मामले में पहले स्थान पर रहा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-07